UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 9 हिन्दी विश्वशांति की भाषा है! (मंजरी)

प्रश्न-अभ्यास

विचार और कल्पना-

प्रश्न 1.
यदि पेड़-पौधे और जीव-जन्तु भी भाषा बोलने में सक्षम होते तो
– वे हमसे क्या-क्या चिन्ताएँ बताते?
– इसका वातावरण पर क्या प्रभाव पडतो?
उत्तर-
पेड़-पौधे और जीव-जन्तु का भाषा बोलने में सक्षम होना कल्पनातीत है।

प्रश्न 2.
हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है किन्तु वेश के अनेक प्रदेशों में इसके अतिरिक्त प्रादेशिक भाषाएँ भी बोली जाती हैं। नीचे लिखी गई भाषाओं को उनके प्रदेशों से मिलान कीजिए-
उत्तर-

भाषा	**प्रदेश**
मराठी	महाराष्ट्र
मलयालम	केरल
कन्नड़	कर्नाटक
तेलुगू	आंध्र प्रदेश
तमिल	तमिलनाडु

बातचीत से-
प्रश्न1
साइजी माकिनो भारत कब और किस कार्य के लिए आए?
उत्तर-
साइजी माकिनो 36 वर्ष की उम्र में सन् 1959 ई० में गांधी जी के सेवाग्राम में पशुचिकित्सक के रूप में आए।

प्रश्न 2.
साइजी माकिनो ने शांतिनिकेतन की क्या विशेषताएँ बताई हैं?
उत्तर-
शांतिनिकेतन के प्राकृतिक सौन्दर्य ने साइजी माकिनो को बहुत प्रभावित किया। शांतिनिकेतन का परिवेश इतना शान्त था कि पुस्तकालय में बैठे घड़ी की आवाज सुनी जा सकती थी। शांतिनिकेतन में विश्व की तमाम संस्कृतियों को समाए रखने की क्षमता है।

प्रश्न 3.
साइजी माकिनो को ग्वालियर की बिड़ला फैक्ट्री में क्यों जाना पड़ा?
उत्तर-
ग्वालियर में जापानी तकनीक से बिड़ला फैक्टरी लगाई गई। जापानी इंजीनियर हिन्दी नहीं जानते थे और फैक्टरी मजदूर जापानी भाषा से अनभिज्ञ थे। अतः साइजी माकिनो वहाँ दुभाषिए के रूप में गए।

प्रश्न 4.
साइजी की क्या कामना है?
उत्तर-
साइजी की कामना है कि हिन्दी विश्व-शांति की भाषा बने और वह जीवनपर्यन्त इससे जुड़े रहें।

प्रश्न 5.
जापान में हिन्दी की क्या स्थिति है?
उत्तर-
जापान में हिन्दी का बहुत सम्मान है। ओसाका ओर टोकियो में बी०ए० और एम०ए० स्तर तक हिन्दी पढ़ाई जाती है। जापानी में संस्कृत शब्द भरे पड़े हैं।

प्रश्न 6.
साइजी ने पाठकों को कौन-सा संदेश देना चाहा है?
उत्तर-
साइजी का पाठकों के लिए संदेश है कि अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए अपनी भाषा और संस्कृति ही काम आती है।

प्रश्न 7.
हिन्दी भाषा के क्षेत्र में कुछ जापानी लेखकों ने कार्य किए हैं। स्तम्भ ‘क’ में कार्य एवं स्तम्भ ‘ख’ में उनके नाम लिखे गए हैं उनका सही-सही मिलाने कीजिए-
उत्तर-

स्तम्भ ‘क’ कार्य	स्तम्भ ‘ख’ नाम
भीष्म साहनी के ‘तमस’ का जापानी अनुवाद	प्रो० ताषियोतनाका
‘हिन्दी शब्दकोश’ व ‘गांधी जी की आत्मकथा’ का अनुवाद	प्रो० कोगा
हिन्दी नाटक लेखन और मंचन	प्रो० मिजोकामी
हिन्दी साहित्य का काम	प्रो० साकात
टोकियो विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग की स्थापना	प्रो० दोई
चित्रलेखा का जापानी अनुवाद	साइजी माकिनो

भाषा की बात-
प्रश्न 1.
भाषा के सौन्दर्य से सम्बन्धित निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़िए
(क) समझ नहीं आता कि गुरुदेव के व्यक्तित्व ने वातावरण को इतना सुन्दर बना दिया है या इतने शान्त वातावरण ने ही गुरुदेव जैसे महापुरुष की रचना की है।

(ख) समझ नहीं आता कि आपकी महानता ने आपको इतना सुन्दर बना दिया है या आपकी सुन्दरता ने आपको महान बना दिया है। इसी प्रकार से किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान की दो विशेषताओं को लेकर दो वाक्यों की रचना कीजिए।
उत्तर-
(क) समझ नहीं आता कि सत्य और अहिंसा की पूजा से गांधी जी महान बने या गांधी जी की महानता से सत्य और अहिंसा का प्रचार हुआ।
(ख) समझ में नहीं आता कि कुतुबमीनार दिल्ली में होने के कारण प्रसिद्ध है या दिल्ली कुतुबमीनार के होने से प्रसिद्ध है।

प्रश्न 2.
'शान्ति' में 'निकेतन' जोड़कर 'शान्तिनिकेतन' बना है। इसी प्रकार 'शान्ति' में अन्य शब्द को जोड़कर तीन नए शब्द बनाइए।
उत्तर-
शान्तिदूत, शान्तिसदन, शान्तिभवन।

प्रश्न 3.
जिस शब्द से क्रिया की विशेषता प्रकट हो, उसे क्रियाविशेषण कहते हैं, जैसे
(क) वह धीरे-धीरे टहलता है।
(ख) पी०टी० ऊषा तेज दौड़ती है।
यहाँ सभी रेखांकित शब्द क्रियाविशेषण हैं क्योंकि पहले वाक्य में 'धीरे-धीरे' क्रिया 'टहलना' की विशेषता और दूसरे वाक्य में 'तेज' शब्द 'दौड़ने' क्रिया की विशेषता बता रहा है। इस प्रकार पाठ में आए किन्हीं चार क्रियाविशेषण (शब्दों) को छाँटकर सम्बन्धित क्रियाओं के साथ लिखिए।
उत्तर-

1. कार तेज दौड़ती है।
2. वह जोर-जोर से पढ़ता है।
3. तुम अधिक बोलते हो।
4. वह सुन्दर लिखती है।